सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	Published by Authority

फाल्गुन 24, गुरूवार, *शाके* 1945-मार्च 14, 2024
Phalguna 24, Thursday , Saka 1945- March 14 , 2024

भाग-7

विभिन्न विभागों में प्रदायों के लिए टेण्डर मांगने की सूचनाओं को सम्मिलित करते हुये सार्वजनिक और निजी विज्ञापन आदि।

राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड

कार्यालय सम्भागीय मुख्य अभियन्ता (प्र.एवंनि.). जोधपुर

अधिसूचना

जोधपुर, फरवरी 07, 2024

संख्या 1159 : भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 के अनु-164 एवं भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम 1885 (केन्द्रीयअधि. 13/1885) के तहत प्रदत्त शक्तियों के अन्तर्गत ऊर्जा विभाग राजस्थान सरकार की अधिसूचना दिनांक 28.2.2004 जिसे राजस्थान के राजपत्र में दिनांक 08.03.2004 को एस.ओ. 408 पृष्ठ 393 (13) भाग 4 (जीए) तदोपरान्त राजस्थान सरकार द्वारा जारी संशोधित अधिसूचना सं.एफ. 15 (4) ऊर्जा/2017 दिनांक 03.10.17 जिसे राजस्थान राजपत्र में दिनांक 09.10.2017 को प्रकाशित किया गया के अनुसार सम्भागीय मुख्य अभियन्ता (प्र. एवं. नि.) राराविप्रनिलि, अजमेर/ जयपुर/ जोधपुर को उनके अधिकार क्षेत्र में बिजली के प्रसारण के लिए या काम के उचित समन्वय के लिए आवश्यक टेलीफोनिक या टेलीग्राफिक संचार के उद्देश्य से बिजली की लाइनों या बिजली संयत्रों को खड़ा करने के लिए मार्ग-अधिकार अथार्त राइट ऑफ़ वे की उपयुक्त मंजूरी जारी करने हेतु अधिकृत किया गया है। अतः उक्त अधिनियम द्वारा प्रदत्तशक्तियों के अन्तर्गत अधोहस्ताक्षरित सक्षम अधिकारी द्वारा बिजली की आपूर्ति हेतु **लीलो आफ 132 केवी एकल पथीय तिंवरी चामू लाइन से 132 केवी जीएसएस शिवनगर से होकर गुजरना हेतु मार्ग-अधिकार अर्थात राइट आफ वे** की उपयुक्त मंजूरी निम्नानुसार जारी की जाती है।

उक्त द्विपथीय लाईन निम्नलिखित गांवो की सीमा / राजस्व क्षेत्र के भीतर से गुजरेगी।

क्र.सं.	**गांवो के नाम**
1	शिवनगर
2	घेवड़ा
3	भूंकरो की ढाणी
4	चंडालिया

सुधीर जैन,

सम्भागीय मुख्य अभियन्ता (प्र.एवं नि) जोधपुर।

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।